## एक नजर में

### मंगल कलश यात्रा के साथ भागवत ज्ञान गंगा उत्सव का शुभारंभ



**मक्सी, 4 अप्रैल.** मक्सी में धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला. जब मंगल कलश यात्रा के साथ 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान गंगा उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ. नगर के प्रमुख मार्गों से निकली इस भक्ति यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया. कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन करते हुए चल रही थीं. वहीं भगवान के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा. जगह-जगह श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत कर पुष्प वर्षा की. इस पावन अवसर पर केरल के विख्यात कथा वाचक पंडित राघवेंद्र शास्त्री के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा. आगामी सात दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और ज्ञान की अमृतधारा का लाभ मिलेगा. आयोजन समिति के अनुसार प्रतिदिन कथा के साथ भजन, संकीर्तन और धार्मिक आयोजन भी होंगे.

### विद्यार्थियों को मंच देकर प्रतिभा निखारने का प्रयास



**शुजालपुर, 4 अप्रैल.** शासकीय माँ शारदा संदीपनि विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार अभिव्यक्ति के मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने के लिए मंच उपलब्ध कराना रहा. कार्यक्रम में विद्यालय के उपप्राचार्य एवं शिक्षकों की उपस्थिति में विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए. इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ मंच पर प्रस्तुति देने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम के अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित भी किया गया. संचालन का दायित्व सरिता मीणा ने निभाया, वहीं आभार प्रदर्शन विकास द्वारा किया गया. विद्यालय प्रबंधन ने इस प्रकार की गतिविधियों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया.

### नेकी की दीवार द्वारा नि: शुल्क समर कैंप का शुभारंभ

**शुजालपुर, 4 अप्रैल.** नगर की सक्रिय सामाजिक संस्था नेकी की दीवार निस्वार्थ आनंद क्लब द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मिर्ची बाजार क्षेत्र में नि: शुल्क समर कैंप का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं प्रशिक्षकों के तिलक के साथ विधिवत रूप से संपन्न हुआ. समर कैंप के दौरान बच्चों को आत्मरक्षा के लिए कराते, योग, ड्राइंग, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, मेहंदी, कबाड़ से जुगाड़ जैसी रचनात्मक गतिविधियों के साथ रीडिंग एवं राइटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा. कार्यक्रम के अवसर पर भोपाल निवासी कपिल पाटीदार के सुपुत्र नन्हे अभिजीत पाटीदार का द्वितीय जन्मदिन पर नानी सुनीता धर्मेंद्र लेवे एवं मौसी योगिता लेवे के साथ बच्चों को ड्राइंग बुक, कलर बॉक्स, केक एवं बिस्किट वितरित किए. कार्यक्रम में प्रशिक्षक शालिनी नामदेव बडोने, पल्लवी अग्रवाल, स्नेहा रायकवार एवं पूनम बंसल विशेष रूप से उपस्थित रहीं. साथ ही ग्रीष्मा शाह, वीणा गोयल, संध्या धारीवाल, शैलजा देशमुख, मीना चौधरी, रूपल पोखरना, सोनाली पोखरना, नेहल पोखरना, रिंकु सोलंकी एवं सपना अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.

# हिंदुत्व और सनातन के 'श्रीमंत' थे हेमंत

## स्व. टेलर की पंचम पुण्यतिथि पर निराश्रितों को भोजन कराकर बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री

**शाजापुर, 4 अप्रैल. हिंदुत्व और सनातन की जब बात करने पर भी कार्यवाही हो जाती थी, उस समय शाजापुर में हिंदुत्व और सनातन का अलख जगाने वाले बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक हेमंत टेलर मजबूती से खड़े रहते थे. कांग्रेस शासन काल में जब बजरंग दल पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, उस समय वे बजरंग दल के जिला संयोजक के रूप में कार्यरत थे. उस समय शाजापुर जिले में हिंदुत्व और सनातन की मुखरता से बात रखने वाले हेमंत टेलर की आज पंचम पुण्यतिथि थी. जिस पर उनके पुत्र प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष श्याम टेलर ने निराश्रितों को भोजन कराया और बच्चों को शैक्षणिक सामग्री बांटी.**

गौरतलब है कि राम मंदिर आंदोलन के प्रखर नेतृत्वकर्ता और बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक और शहर में सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों को नया मंच देने वाले हेमंत टेलर ने शाजापुर में मां हरसिद्धि भक्त मंडल की स्थापना की थी, जिसमें हर साल देश, प्रदेश के ओजस्वी वक्ता भाग लेते थे. यह आयोजन अपने आप में अनूठा आयोजन था. उनकी पुण्यतिथि पर शाजापुर शहर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें शहर के वरिष्ठजनों के अलावा आमजनों ने भी सहभागिता की.



**बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया**

निराश्रितों को भोजन एवं बच्चों को शिक्षण सामग्री भेंट करने के बाद टेलर बापू की कुटिया के पास स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे. यहां वरिष्ठजनों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं भेंट की गई. इस दौरान परिजन व हरसिद्धि भक्त मंडल के सदस्य उपस्थित थे.

### साहित्य और संस्कृति के पर्याय रहे हेमंत

हिंदुत्व के क्षेत्र में तो उन्होंने काम किया ही. साथ ही उन्होंने साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में भी अपनी एक अलग पहचान बनाई थी. राम मंदिर आंदोलन के समय वे प्रखर नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरे. साथ ही हिंदुत्व, सनातन, साहित्य के अलावा विद्यार्थी परिषद को भी मजबूत करने की दिशा में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया. जब शाजापुर में कांग्रेस विधायक, मंत्री हुआ करते थे, प्रदेश में कांग्रेस सरकार हुआ करती थी, उस समय उन्होंने हिंदुत्व की बात पुरजोर तरीके से रखी. शहर में हिंदुत्व की बात करने वाले उस समय गिनती के लोग थे, जिसमें प्रखर रूप से हेमंत टेलर प्रमुख थे. आज तो सरकार बनने के बाद हर नेता हिंदुवादी हो गया है. जबकि विपक्ष में हिंदु वादी बात करना अपने आप में किसी चुनौती से कम नहीं था.

### आज भी बंद रहेगा 4 घंटे विद्युत प्रदाय

**शाजापुर, 4 अप्रैल.** प्री.मानसून मेंटेनेंस कार्य के चलते रविवार को भी विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी. बिजली कंपनी की ओर से जारी सूचना के अनुसार 33/11 केवी मुरादपुरा उपकेंद्र से निकलने वाले 11 केवी कमरदीपुरा फीडर पर रखरखाव काम किया जाएगा, इसके चलते सुबह 7 से 11 बजे तक संबंधित क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी. इस दौरान गिरवर रोड, तालाब की पाल, लाल माता मंदिर रोड, लाल खिड़की, हरिजन टेकरा, गुलाब कालोनी, बोहरा बाखल, चौबदार बाड़ी, दायरा और कमरदीपुरा सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी. प्री मानसून मेंटेनेंस के तहत लाइनों और उपकरणों की जांच एवं मरम्मत की जा रही है ताकि आगामी बारिश के मौसम में निर्बाध बिजली सप्लाई सुनिश्चित की जा सके. दरअसल बारिश से पहले बिजली लाइनों और उपकरणों की मरम्मत और जांच की जा रही है, ताकि आगे दिक्कत न हो और बिजली सप्लाई सही चलती रहे.

# समर्थन मूल्य खरीदी : किसानों को मिल रही है तारीख पे तारीख

## समर्थन मूल्य लागू न होने से किसानों ने 1100, 1700 में बेचा गेहूं

**शाजापुर, 4 अप्रैल. पहली बार ऐसा हुआ कि अभी तक किसानों की उपज खरीदने की तारीख दो बार बढ़ गई. उपज की जो खरीदी पहले मार्च में शुरू होती थी, वो अभी तक शुरू नहीं हो सकी है. तारीख पे तारीख मिल रही है किसानों को. यही कारण है कि मंडी में किसान कांग्रेस जब आंदोलन कर रही थी, उसी दौरान कई किसानों ने अपनी उपज को 1100 और 1700 रुपए क्विंटल के न्यूनतम भाव में बेच दिया.**




**जबकि सरकार ने न्यूनतम भाव 2700 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है. अब सवाल यह उठता है कि यदि खरीदी की तारीख जल्द नहीं आई, तो किसानों को मजबूरी में अपनी उपज औने-पौने दाम में बेचना पड़ेगी.**

गौरतलब है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी को लेकर नई तारीख 10 अप्रैल है. जिसमें तर्क यह दिया जा रहा है कि अभी बारदाना की कमी होने के कारण समर्थन मूल्य की खरीदी में देरी हो रही है. अब यदि ऐसे में 10 अप्रैल के बाद खरीदी शुरू होती है, तो किसान को कम से कम 20 दिन बाद उसका भुगतान मिलेगा. ऐसे में किसान के सामने आर्थिक संकट और परिवार चलाने की चुनौती हो जाएगी. सरकार द्वारा समर्थन मूल्य की तारीख घोषित न करने पर कई किसानों ने 1100 और 1700 रुपए में अपनी उपज बेची है. करीब 3800 क्विंटल आवक हुई, जो लगभग इसी मूल्य पर किसानों ने बेच दी. तारीख पे तारीख मिलने से किसान की मजबूरी हो गई है सस्ते में उपज बेचना.

### किसान कांग्रेस ने किया आंदोलन

समर्थन मूल्य की तारीख जारी नहीं होने से शाजापुर किसान कांग्रेस ने मंडी में पहुंचकर आंदोलन किया. उन्होंने समर्थन मूल्य पर उपज खरीदने की मांग की. यदि 7 दिन में समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं की जाती है, तो किसान कांग्रेस किसानों के हित में आंदोलन करेगी. इस अवसर पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष कमल चौधरी, सीताराम पवैया, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद खान, नरेश कप्तान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सहित कांग्रेसी मौजूद थे.

### कौन करेगा किसान के नुकसान की भरपाई?

समर्थन मूल्य की तारीख नहीं आने से जिन किसानों ने अपनी फसल औने-पौने दाम में बेच दी है. उनके नुकसान की भरपाई कौन करेगा, क्योंकि किसान की पूरी अर्थव्यवस्था उसकी फसल पर निर्भर है. लगातार समर्थन मूल्य की तारीख बढ़ रही है, लेकिन समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं हो रही है. शाजापुर कृषि उपज मंडी में न्यूनतम 1100-1700 रुपए की खरीदी हुई और उच्चतम 2670 का गेहूं लिया गया. याने समर्थन मूल्य से भी कम. और ये बेस्ट क्वालिटी का गेहूं बिका है 2670 में. अन्य उपज की भी खरीदी हुई, जिसमें सोयाबीन 3005, चना 4515, मसूर 5810, सरसों 5500, डॉलर चना 5100, आलू 100, प्याज 150, लहसुन 1000. ये सब भाव न्यूनतम बिक्री के हैं. 4 अप्रैल 2026 के आय-व्यय पत्रक के अनुसार.

# आज रवाना होगी नि:शुल्क यात्रा

## खाटू श्याम के दर्शन करेंगे 400 भक्त




**शाजापुर, 4 अप्रैल. हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा...इन जयकारों के साथ आज सैकड़ों भक्त बाबा खाटू श्याम के दरबार के लिए रवाना होंगे. जिन्हें नि:शुल्क दर्शन का लाभ मिलेगा. क्योंकि लगातार तीसरी बार कप्तान जनसेवा मंच द्वारा भक्तों को नि:शुल्क यात्रा करवाई जाएगी, जो रविवार शाम 4 बजे रवाना होगी.**

ऐसे लोग जो लंबे समय से बाबा खाटू श्याम के दर्शन करना चाहते हैं लेकिन आर्थिक या किसी अन्य समस्या के चलते वे बाबा के दर्शन नहीं कर पाते हैं उन्हें कप्तान जनसेवा मंच द्वारा दर्शनों का लाभ दिया जाता है. अब तक नरेश कप्तान द्वारा हजारों लोगों को दर्शन लाभ दिया जा चुका है और इस बार भी करीब 400 महिलाओं का जत्था इस यात्रा में शामिल हो रहा है, जो रविवार शाम 4 बजे इंदौर-कोटा ट्रेन से बाबा के दरबार के लिए रवाना होंगे. इन भक्तों के लिए कप्तान जनसेवा मंच द्वारा नि:शुल्क भोजन व रहने तथा ठहरने की व्यवस्था की जाएगी. तीन दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन भजन संध्या का आयोजन होगा. इसके बाद 7 अप्रैल को यात्रा का समापन होगा.

**निशान यात्रा निकालकर दिया था निमंत्रण**

अधिक से अधिक लोगों को बाबा खाटू श्याम के दर्शनो का लाभ मिले इसके लिए कप्तान जनसेवा मंच द्वारा 29 मार्च को निशान यात्रा निकाली जाकर लोगों को इसकी जानकारी दी गई थी. वहीं दो दिन पहले इसके लिए निमंत्रण पत्रों का वितरण भी नगरवासियों को किया गया था, जिसे लोगों ने स्वीकार करते हुए नरेश कप्तान व बंटी भावसार का आभार व्यक्त किया.

### तीसरी बार मिल रहा लोगों को दर्शन का लाभ

पिछले दो वर्षों से कप्तान जनसेवा मंच द्वारा लोगों को यात्रा करवाई जा रही है और नि :शुल्क यात्रा का यह तीसरा वर्ष है. इस बार 400 महिलाओं को इस यात्रा का लाभ मिल रहा है. यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि इस मंच के माध्यम से उनकी बाबा के दर्शनों की इच्छा पूरी हो रही है.

# अवैध तरीके से हो रहा भूसे का परिवहन, जिम्मेदार मौन

## सुरक्षा मानकों पर नहीं ध्यान, बढ़ रही हादसे की आशंका

**बड़ौद, 4 अप्रैल. शासन द्वारा भूसे के अवैध परिवहन को लेकर सख्ती से निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन उसके बावजूद क्षेत्र में भूसे का अवैध परिवहन खुलेआम जारी है. जिम्मेदार विभागों की अनदेखी के चलते यह कारोबार दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है, जिससे नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं. साथ ही हादसे की आशंका भी बनी रहती है.**



जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के विभिन्न व व्यस्ततम मार्गों से बिना अनुमति एवं ओवरलोड वाहनों के माध्यम से भूसे का परिवहन किया जा रहा है. इन वाहनों में सुरक्षा मानकों का भी पालन नहीं किया जा रहा, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है. कई बार रात के समय इस तरह के वाहन अधिक सक्रिय देखे जाते हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कार्रवाई से बचने के प्रयास किए जा रहे हैं. स्थानीय मोहम्मद आरिफ, शेख अमजद, प्रकाश का कहना है कि संबंधित विभागों को इसकी जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है. प्रशासन की निष्क्रियता के चलते अवैध परिवहन करने वालों के हौसले बुलंद हैं.

**इनका कहना है**

*अभी मैं छुट्टी पर हूं. जल्द ही अवैध भूसे के परिवहन पर कार्रवाई की जाएगी. - **भंवर सिंह चौहान, तहसीलदार***

**कार्यवाही की मांग**

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनी रहे.

### मंदिर की दान पेटी ले गया बदमाश

**शुजालपुर, 4 अप्रैल.** शहर के व्यस्ततम क्षेत्र में स्थित पोस्ट ऑफिस परिसर के नीमेश्वर महादेव मंदिर में देर रात अज्ञात बदमाश द्वारा ताला तोड़कर दान पेटी चोरी करने की घटना ने लोगों की आस्था को झकझोर दिया. भगवान के घर में हुई इस वारदात से श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश है और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं. जानकारी के अनुसार, रात करीब 3 बजे एक बदमाश काले रंग की शर्ट पैंट पहनकर मंदिर पहुंचा. उसने मंदिर के दरवाजे की कुंदी तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखी दान पेटी को निकाल लिया. इतना ही नहीं, उसने मंदिर परिसर से त्रिशूल भी हटाया और दान पेटी को पीछे ले जाकर तोड़ने का प्रयास किया. इसी दौरान पास में रहने वाले एक परिवार के सदस्य की नींद खुल गई, उन्होंने बदमाश से पूछताछ की तो वह बहाना बनाकर दान पेटी लेकर मौके से फरार हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बदमाश के हाथ में पीले रंग की थैली थी, जिसमें वह दान पेटी ले गया. पोस्ट ऑफिस के सामने रहने वाले एक दुकानदार ने भी संदिग्ध को देखा था. पूछने पर उसने खुद को दर्शनार्थी बताया और वहां से निकल गया. इस घटनाक्रम से यह साफ है कि बदमाश पूरी योजना के साथ आया था. बताया जा रहा है कि मंदिर की दान पेटी करीब एक वर्ष से नहीं खोली गई थी, जिसमें हजारों रुपए होने की संभावना है.

**पहले भी हो चुकी हैं ऐसी वारदातें**

शहर में मंदिरों में चोरी की यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी कई देवालयों में दान पेटियां चोरी हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं होने से बदमाशों के हौसले बुलंद हैं. शहर के सबसे व्यस्त मार्ग पर स्थित मंदिर में इस तरह की घटना से लोगों में भारी नाराजगी है.

## एक नजर में

### अवैध पार्किंग से यात्री प्रतीक्षालय को मुक्त कराने की मांग, जिम्मेदार मौन

# बस स्टैंड प्रतीक्षालय बना पार्किंग स्थल, यात्रियों की हो रही फजीहत

**बड़ौद, 4 अप्रैल. नगर के मुख्य बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय की स्थिति इन दिनों बदहाल होती जा रही है. यात्रियों के बैठने और विश्राम के लिए बनाए गए इस प्रतीक्षालय का उपयोग अब दोपहिया और चारपहिया वाहनों की पार्किंग के रूप में किया जा रहा है. इससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है.**

स्थानीय लोग दिनेश सेन, रतन लाल परमार, कालू जैन, पिंटू राठौड़, भरत सेन का कहना है कि दिनभर प्रतीक्षालय के सामने रोजाना कार, पिकअप, ट्रक और अन्य वाहन खड़े रहते हैं. यहां तक की ट्रांसपोर्ट का माल भी यही उतारा जाता है, जिसके कारण यात्रियों को बैठने तक की जगह नहीं मिल पाती. खासकर बुजुर्ग, महिलाएं और दूर दराज से आने वाले यात्री परेशान होते नजर आते हैं. कई बार तो यात्रियों को धूप या सड़क किनारे खड़े होकर बस का इंतजार करना पड़ता है. यात्रियों का कहना है कि प्रतीक्षालय में न तो साफ-सफाई की उचित व्यवस्था है और न ही किसी प्रकार की निगरानी.



धीरे-धीरे यह स्थान अव्यवस्था का शिकार होता जा रहा है. लोगों ने बताया कि पहले भी शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है.

### अवैध पार्किंग से मुक्त कराया जाए...

नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रतीक्षालय को अतिक्रमण और अवैध पार्किंग से मुक्त कराया जाए. नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए और यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि बस स्टैंड पर आने-जाने वाले लोगों को राहत मिल सके.

**इनका कहना है**

*मामला संज्ञान में आया है. जल्द ही इसका निराकरण किया जाएगा.*

***ओपी नागर, सीएमओ***